# सहयोगात्मक पर्यवेक्षण रिपोर्ट जनपद गाज़ियाबाद

डॉ० आनन्द अग्रवाल, उप महाप्रबंधक-आर०के०एस०के०, इन्द्रजीत सिंह, सलाहकार- आर०के०एस०के० एवं पूजा देवी, कार्यक्रम समन्वयक-एम०एच० द्वारा दिनांक 28 जून 2017 से 30 जून 2017 तक जनपद गाज़ियाबाद का भ्रमण कर सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया| सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अंतिम दिन दिनांक 30/07/2017 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में बैठक कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के उपस्थित न होने के कारण पर्यवेक्षण की रिपोर्ट नोडल अधिकारी आर०के०एस०के० को प्रस्तुत की गई| बैठक में जिला लेखा प्रबंधक, क्वालिटी मेंटर, डी०ई०आई०सी० मेनेजर, डी०सी०पी०एम० भी उपस्थित रहे| प्रस्तुत की गई रिपोर्ट पर विस्तृत चर्चा की गई एवं कई बिन्दुओं पर त्वरित कार्यवाही की गई| सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की केन्द्रवार विस्तृत आख्या एवं दिए गए निर्देश इस प्रकार है:-



| अवलोकन के बिंदु | कृत कार्यवाही |
|---|---|
| **ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मथुरापुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डासना, दिनांक 28/06/17 :-** | |
| • VHND का सत्र का आयोजन प्राथमिक विद्यालय मथुरापुर में किया गया था| जबकि इसके पहले कभी भी वहां सत्र आयोजित नहीं किया गया है| ANM के पास VHND के सत्र का कोई माइक्रो प्लान उपलब्ध नहीं था|<br>• ANC परीक्षण सत्र के दौरान नहीं किया जा रहा था क्योंकि किसी भी तरह की मूलभूत सुविधायें वहां उपलब्ध नहीं थी| | नोडल अधिकारी द्वारा 15 दिनों में आख्या प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया गया| |
| • BSPM हेतु 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों की सूची एवं रिपोर्टिंग प्रपत्र ANM के पास उपलब्ध नहीं थे| VHND एवं BSPM से सम्बंधित किसी भी तरह का बैनर एवं प्रचार प्रसार की सामग्री उपलब्ध नहीं कराये गए हैं| | MO/IC से 2 सप्ताह में आख्या अपेक्षित| |
| • मिथिलेश, पत्नी सतीश जिसका प्रसव एवं नसबंदी 9 माह पूर्व CHC मुरादपुर पर हुई थी उसका JSY एवं नसबंदी का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है| जबकि लाभार्थी द्वारा सभी आवश्यक प्रपत्र केंद्र को उपलब्ध करवा दिए गए हैं| | नोडल अधिकारी द्वारा 15 दिनों में आख्या प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया गया| |
| • ANM एवं ASHA को HRP का भुगतान नहीं किया जा रहा है| HRP के चिन्हीकरण के लिए लाल बिंदी अथवा मोहर उपलब्ध नहीं पाई गई| | नोडल अधिकारी द्वारा 15 दिनों में आख्या प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया गया| |
| • किशोरियों हेतु कार्यकर्ती को WIFS की नीली गोली सिर्फ 50 ही उपलब्ध कराई गई हैं जोकि एक बार वितरण करने के बाद उपलब्ध नहीं थी| | MO/IC से 2 सप्ताह में आख्या अपेक्षित| |
| **RBSK टीम A, दिनांक 28/06/17 :-** | |
| • टीम के पास घंटी, खिलौने और कई अन्य सामान कार्यस्थल पर उपलब्ध नहीं थे|<br>• टीम को लैपटॉप अभी तक उपलब्ध नहीं कराये गए गए हैं|<br>• टीम द्वारा WIFS कार्यक्रम का फॉलोअप आंगनवाड़ी कार्यकर्ती से नहीं लिया जा रहा है| | नोडल अधिकारी द्वारा 15 दिनों में आख्या प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया गया| |
| **सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डासना (नॉन एफ० आर० यू०) दिनांक 28/06/17:-** | |
| • RBSK मोबाइल हेल्थ टीम B सत्र करने नही गई थी अतः सभी टीम मेम्बर के एक दिन के मानदेय काटने की संस्तुति की जाती है|<br>• टीम B का कोई भी रजिस्टर रिकॉर्ड एवं सामान केंद्र पर उपलब्ध नहीं था क्योंकि वे अपना सारा सामान गाड़ी में ही रखते हैं|<br>• टीम के मूवमेंट का रजिस्टर नहीं बनाया गया है| | नोडल अधिकारी द्वारा 15 दिनों में आख्या प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया गया| |
| • ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक एवं MCTS ऑपरेटर पिछले 6 माह से मानदेय न | मुख्य चिकित्सा अधिकारी से आख्या अपेक्षित| |

| | |
|---|---|
| दिए जाने के कारण 15 दिनों से कार्य पर नहीं आ रहे हैं, जिसकी वजह से कई सूचनाएं, रिपोर्ट एवं डाटा उपलब्ध नहीं कराया गया। | |
| • WIFS की ब्लाक स्तरीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक नहीं की जा रही है। जनपद नोडल ऑफिसर RKSK द्वारा कार्यक्रम की अनुश्रवन एवं समीक्षा नहीं की गई है। | नोडल अधिकारी द्वारा कहा गया कि शीघ्र बैठक करके कार्यवृत्त भेजा जाएगा। |
| • केस शीट, partograph अभी तक उपलब्ध नहीं हैं। | शीघ्र ही मुद्रित करवाके भेजी जायेंगी। तब तक partograph की फोटोकॉपी करवाके भरने के निर्देश दिए गए। |
| • इंटर कॉलेज को IFA ब्लू अभी तक उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। | नोडल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उपयुक्त कार्यवाही कर सूचित करें। |
| **सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुरादपुर (एफ़० आर० यू०) दिनांक 28/06/17:-** | |
| • महिला चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य स्टाफ भ्रमण की सूचना के बावजूद ढाई बजे तक केंद्र से अनुपस्थित पाए गए।<br>• सुबह 10 बजे के प्रसव के उपरान्त दोपहर 4 बजे तक प्रसूता को भोजन नहीं दिया गया था एवं इसकी जानकारी स्टाफ को भी नहीं थी। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा MO/IC से स्पष्टीकरण के लिए निर्देशित किया गया। |
| • RBSK टीम द्वारा माह अप्रैल से फील्ड विजिट नहीं कर रही है इसके बावजूद उन्हें मानदेय आहरित किया जा रहा है। टीम A की ANM मंजू 13 दिनों से अनुपस्थित चल रही हैं जबकि उपथिति रजिस्टर में उसे नहीं मार्क किया गया है।<br>• टीम को लैपटॉप अभी तक उपलब्ध नहीं कराये गए गए हैं। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा MO/IC से स्पष्टीकरण के लिए निर्देशित किया गया। |
| • रेफरल आउट रजिस्टर 21/05/17 के बाद से नहीं भरा गया है। उससे पूर्व भी पूरी सूचनाएं नहीं भरी गई हैं। ANC रजिस्टर में प्रथम विजिट के बाद फॉलोअप विजिट की एंट्री नहीं की जा रही है।<br>• डिलीवरी रजिस्टर के सभी कॉलम नहीं भरे जा रहे हैं। | MO/IC द्वारा भूल को स्वीकार कर भविष्य में पुनरावृति न होने का आश्वासन दिया।। |
| • केंद्र पर XRAY मशीन पिछले डेढ़ साल से खराब पड़ी है जिस वजह से मरीजों के X-RAY बाहर से कराये जा रहे हैं।<br>• अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध होने के बावजूद अल्ट्रासाउंड केंद्र पर न करवाकर बाहर से करवाए जा रहे हैं। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी से आख्या अपेक्षित। |
| • JSY वार्ड में टीवी नहीं लगा था।<br>• जननी सुरक्षा योजना के बगल का शौचालय बंद किया गया है जिसके कारण प्रसूताओं को बाहर वाले दूर के शौचालय तक जाना पड़ता है।<br>• मैटरनल डेथ ऑडिट की समीक्षा समिति का गठन नहीं किया गया है। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा MO/IC से स्पष्टीकरण के लिए निर्देशित किया गया। |
| • IFA पिंक गोली प्राथमिक विद्यालयों को नहीं भेजी गई हैं।<br>• शिक्षा एवं ICDS विभाग से WIFS की रिपोर्ट संकलित नहीं की जा रही है।<br>• WIFS की ब्लाक स्तरीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक नहीं की जा रही है। जनपद नोडल ऑफिसर RKSK द्वारा कार्यक्रम की अनुश्रवन एवं समीक्षा नहीं की गई है। | नोडल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उपयुक्त कार्यवाही कर सूचित करें।<br>नोडल अधिकारी द्वारा कहा गया कि शीघ्र बैठक करके कार्यवृत्त भेजा जाएगा। |
| • केस शीट, partograph अभी तक उपलब्ध नहीं हैं। | शीघ्र ही मुद्रित करवाके भेजी जायेंगी। तब तक partograph की फोटोकॉपी करवाके भरने के |

| | |
|---|---|
| | निर्देश दिए गए। |
| • ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक एवं MCTS ऑपरेटर पिछले 6 माह से मानदेय न दिए जाने के कारण 15 दिनों से कार्य पर नहीं आ रहे हैं, जिसकी वजह से कई सूचनाएं, रिपोर्ट एवं डाटा उपलब्ध नहीं कराया गया। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी से आख्या अपेक्षित। |
| • HRP के चिन्हीकरण का आशा एवं ANM को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। | नोडल अधिकारी द्वारा 15 दिनों में आख्या प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया गया। |
| **पोषण पुनर्वास केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डासना, दिनांक 28/06/17 :-** | |
| • NRC पर किसी चिकित्साधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई है।<br>• डायटीशियन के मातृत्व अवकाश के कारण उसकी अनुपस्थिति में NRC के लाभार्थियों के पोषण परामर्श हेतु कोई व्यवस्था नहीं की गई है। | अवगत कराया गया कि NRC शीघ्र ही जनपद महिला चिकित्सालय में शिफ्ट की जा रही है। तदोपरांत व्यवस्था की जायेगी। |
| **शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरस्वती कॉलोनी, साहिबाबाद प्रथम, दिनांक : 29/06/17** | |
| • केंद्र पर आयुष चिकित्सक की नियुक्ति की गई है। जोकि आयुर्वेदिक दवाइयां न होने की वजह से एलोपैथी की दवाइयां लिख रही हैं। | नोडल द्वारा अवगत कराया गया कि MBBS चिकित्सक उपलब्ध नहीं होने के कारण अस्थायी रूप से ऐसा किया जा रहा है। |
| • वित्त वर्ष 2016-17 का MCTS एवं HMIS की डेटा एंट्री का आउटसोर्स के द्वारा किये गए कार्य का भुगतान पिछले कई माह से लंबित है। | भुगतान प्रक्रिया में है। शीघ्र भुगतान कराने का आश्वासन दिया गया। |
| • HRP की रिपोर्टिंग ठीक तरह से नहीं की जा रही है। केवल गंभीर एनीमिया के केस ही रिपोर्ट किये जा रहे हैं। | नोडल अधिकारी द्वारा 15 दिनों में आख्या प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया गया। |
| **किशोर स्वास्थ्य क्लिनिक - महिला - जनपद चिकित्सालय दिनांक : 29/06/17**<br>**किशोर स्वास्थ्य क्लिनिक - पुरुष - जनपद सयुंक्त चिकित्सालय दिनांक : 29/06/17** | |
| • क्लिनिक के उपकरण जैसे कंप्यूटर, प्रिंटर, BMI चार्ट, हाइट चार्ट, एवं दवाइयां जैसे IFA नीली, सेनेटरी नैपकिन, गर्भ निरोधक सामग्री उपलब्ध नहीं कराई गई है।<br>• क्लिनिक के लिए निर्धारित प्रारूप के अनुसार 4 प्रकार के रजिस्टर एवं AFHS कार्ड उपलब्ध नहीं कराये गए हैं।<br>• क्लिनिक के ऑपरेशनल मद का व्यय नहीं किया गया है।<br>• आउटरीच एक्टिविटी के माइक्रोप्लान की जानकारी आगे नहीं भेजी गई है।<br>• जनपदीय नोडल अधिकारी द्वारा क्लिनिक की विजिट एवं समीक्षा नहीं की जा रही है। | नोडल अधिकारी द्वारा 15 दिनों में विस्तृत आख्या प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया गया कि कंप्यूटर एवं फर्नीचर हेतु भेजे गए फण्ड की जानकारी उपलब्ध करायें। |
| **जिला सयुंक्त चिकित्सालय , दिनांक : 29/06/17** | |
| • लेबर रूम में निर्धारित लेबर रूम रजिस्टर उपलब्ध नहीं था। | शीघ्र ही उपलब्ध कराने का आश्वासन। |
| • अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं एवं इंफ्रास्ट्रक्चर के अनुपात में मरीजों की संख्या काफी कम है जिसे बढाए जाने की आवश्यकता है। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी से अपेक्षित कार्यवाही किये जाने की आशा में नोडल को अवगत कराया गया। |
| • पैथोलोजिस्ट के कक्ष में बाहर से कुण्डी लगी होने के बावजूद अन्दर AC चल रहा था। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी से आख्या अपेक्षित। |
| • केस शीट, partograph अभी तक उपलब्ध नहीं हैं। | शीघ्र ही मुद्रित करवाके भेजी जायेंगी। तब तक partograph की फोटोकॉपी करवाके भरने के निर्देश दिए गए। |

**<u>अवलोकन के अन्य बिंदु</u>**

- विफ्स की मासिक रिपोर्ट समय से नहीं भेजी जा रही है| मई माह की रिपोर्ट अभी तक नहीं भेजी गई है|
- मिशन निदेशक द्वारा जारी किये गए निर्देशों के अनुसार नोडल अधिकारी को प्रतिमाह दो ब्लाक में विफ्स कार्यक्रम की समीक्षा एवं अनुश्रवन तथा किशोर स्वास्थ्य क्लिनिक का भ्रमण किया जाना अनिवार्य है| किन्तु अभी तक इसका अनुपालन नहीं किया गया है|
- कार्यालय से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार माह जून में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक विद्यालयों में आयरन की नीली बड़ी गोलियां वितरित की गई हैं जोकि 10 से 19 वर्ष के बड़े बच्चों के लिए हैं| प्राथमिक विद्यालयों में छोटी पिंक गोली वितरित की जानी थी|





13/07/17

डॉ० आनन्द अग्रवाल
उप महाप्रबंधक- आर०के०एस०के०
(डॉ० आनन्द अग्रवाल)
उपमहाप्रबन्धक–आर.के.एस.के.
एस.पी.एम.यू.–एन.एच.एम.

इन्द्रजीत सिंह
सलाहकार- आर०के०एस०के०
(इन्द्रजीत सिंह)
सलाहकार–आर.के.एस.के.
एस.पी.एम.यू.–एन.एच.एम.

पूजा देवी
कार्यक्रम समन्वयक- एम०एच०
पूजा देवी
एस०पी०एम०यू०, एन०एच०एम०